प्रादेशिक समाचार

दिनांक–27.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

राज्य के 48 नगर निकायों के लिए आज सुबह से ही मतों की गिनती जारी है और अब शुरुआती रुझान भी आने शुरु हो गये हैं। कई वार्डों के चुनाव परिणाम भी घोषित कर दिये गये हैं। हमारी संवाददाता ने बताया कि राज्यभर के मतगणना केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

****

इधर, बोकारो के चास कृषि बाजार समिति में चास नगर निगम और फुसरो नगर परिषद चुनाव की मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच जारी है। उपायुक्त अजय नाथ झा और एसपी हरविंदर सिंह खुद केंद्र पर मौजूद हैं। एसपी ने बताया कि परिसर में त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है और मुख्य सड़कों पर ड्रोन व सीसीटीवी से पैनी नजर रखी जा रही है।

****

राजधानी रांची के सुकरहुटू मतगणना केंद्र पर नगर निगम चुनाव के मतों की गिनती कड़ी सुरक्षा के बीच जारी है। प्रशासन ने बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया है। फिलहाल कुल 18 वार्डों के लिए पहले राउंड की मतगणना चल रही है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए हर टेबल पर प्रत्याशियों के एजेंट मौजूद हैं।

****

हजारीबाग नगर निगम चुनाव के नतीजे अब अंतिम चरण में हैं। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि सुरक्षा के लिए नौ क्यूआरटी टीमें और बाइक दस्ता पूरे शहर में गश्त कर रहे हैं। मतगणना केंद्र पर सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी रखी जा रही है। जीत के बाद विजय जुलूस के दौरान शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया गया है।

****

हजारीबाग नगर निगम के वार्ड 27 से सोनी क्षेत्री ने जीत की अनूठी मिसाल पेश की है। चुनाव परिणाम पक्ष में आने तक चप्पल न पहनने का प्रण लेने वाली सोनी मतदान से मतगणना तक नंगे पाँव रहीं। जीत के बाद उन्होंने इसे जनता की सेवा की तपस्या बताया। उनका लक्ष्य अब पूरे वार्ड को सीसीटीवी कैमरों से सुरक्षित करना है।

****

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन स्वास्थ्य व्यवस्था का मुद्दा सदन में जोरदार ढंग से उठा। धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन प्लांट खराब होने और चिकित्सकों की कमी का मामला उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि ऑक्सीजन के अभाव में मरीजों की जान जा रही है और अस्पताल की निगरानी के लिए कमेटी बनाने की मांग की। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि पीएम केयर्स फंड से लगे तीन में से दो प्लांट खराब हैं, लेकिन ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सिलेंडर से आपूर्ति हो रही है और मशीनों की मरम्मत के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखा गया है।

****

नई दिल्ली की स्पेशल मॉनिटर एलीमेंट्री एजुकेशन एंड लिटरेसी टीम ने जामताड़ा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहरंगी का औचक निरीक्षण किया। टीम की सदस्य डॉ. पूनम माला कोन्डई ने विद्यालय की पठन–पाठन व्यवस्था और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि विद्यालय केंद्र सरकार की मंशा के अनुरूप छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है, जो राज्य के अन्य स्कूलों के लिए एक मिसाल है।

****

रांची सहित राज्य के अधिकांश जिलों में आज मौसम मुख्य रूप से साफ और शुष्क है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में तेज धूप निकली हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान लगभग 31 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। कई इलाकों में दिन के समय आज गर्मी में बढ़ोतरी महसूस की जा रही है।

****